लल्लूराम.com
सच कहेंगे लल्लूराम

पान दुकानों पर क्राइम ब्रांच का छापा: चार लाख से ज्यादा की नकली सिगरेट जब्त, पूछताछ में होंगे कई बड़े खुलासे

हेमंत शर्मा, इंदौर: क्राइम ब्रांच और पुलिस की टीम ने नकली सिगरेट बेचने को लेकर छापे मार कार्रवाई की है। चार लाख रुपये से ज्यादा की नकली सिगरेट पुलिस ने की जब्त किया है। दरअसल, जूनी इंदौर थाना क्षेत्र स्थित सिंधी कॉलोनी में पान की दुकानों पर ब्रांडेड सिगरेट के नाम पर नकली सिगरेट बेचे जाने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद क्राइम ब्रांच और जूनी इंदौर पुलिस ने सिंधी कॉलोनी स्थित पान की दुकानों पर छापा मारा। जहां से चार लाख रुपये से ज्यादा के नकली सिगरेट जब्त किए गए हैं। पूरे मामले में पुलिस ने दुकान संचालकों से भी पूछताछ शुरू कर दी है।

पुलिस ने इस पूरे मामले में दुकान संचालकों से कड़ाई से पूछताछ कर रही है। इसके साथ ही पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि नकली सिगरेट कहां बन रही थी और इन दुकानों पर किसके द्वारा सप्लाई की जा रही थी। इस पूरे मामले में ब्रांडेड सिगरेट कंपनी की तरफ से क्राइम ब्रांच को शिकायत की गई थी। जिस पर इंदौर क्राइम ब्रांच और जून इंदौर पुलिस ने कार्रवाई की है।

Source: https://lalluram.com/fake-cigarettes-worth-more-than-rs-4-lakh-seized-in-indore/